दिनांक 11.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध कब्जा हटाया गया

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देश पर जोन 01 अनुविभाग कार्यालय के जोन आयुक्त, राजस्व अमला, विद्युत विभाग के कर्मचारी, तोड़फोड़ कर्मचारियों के साथ डम्पर, जेसीबी एवं पुलिस बल के साथ दीनदयाल परिसर के पास से अवैध कब्जाधारियों को हटाये जाने की मुहिम दुसरे दिन उसी स्थान पर से की गई जिस स्थान से नागरिकों की मांग पर कल कार्यवाही स्थगित की गई थी।

जोन 01 अनुविभाग कार्यालय के जोन आयुक्त श्री संजय बागड़े के निर्देश पर राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा बेदखल किये जाने वाले स्थान का सर्वे कर 35 चिन्हित अतिक्रमणकारियों को विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया था जारी नोटिस की प्रति लेकर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक अपने कर्मचारी द्वारा चिन्हित स्थानों में पहुंचकर मौके पर उपस्थित रहने वाले 21 लोगों को नोटिस तामिल कराया गया तथा 14 ऐसे लोग जो मौके पर अनुपस्थित पाये गये ऐसे जगहों पर चस्पे की कार्यवाही की गई थी। दिनांक 10 नवम्बर 2017 को अवैध कब्जा हटाये जाने के दौरान नागरिकों के द्वारा स्वयं से अवैध कब्जा 24 घण्टे में हटाये जाने के अनुरोध पर मौके पर उपस्थित जोन 01 के आयुक्त, उच्च अधिकारियों से मार्ग दर्शन प्राप्त कर नागरिकों की मांग पर तोड़फोड़ की कार्यवाही स्थगित की गई थी। आज दिनांक 11 नवम्बर 2017 को उसी स्थान से अवैध कब्जा हटाये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए चिन्हित सभी अवैध कब्जाधारियों को बेदखल किया गया। चिन्हित कुल 35 अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया। अवैध कब्जा हटाये जाने के दौरान 01 दुकान में पुलिसबल की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर निगम के वरिष्ठ अधिकारी के देखरेख में निगम के कर्मचारियों द्वारा चस्पा किया गया।

आज तोड़फोड़ की कार्यवाही प्रारम्भ करने के पूर्व कल शाम से ही कुछ अवैध कब्जाधारियों द्वारा स्वयं से ही अपने अवैध कब्जा हटा लिया गया था। तथा कुछ लोग आज सुबह हटाने के कार्य पर जुटे हुए थे ऐसे लोग जो मौके पर अवैध कब्जा नहीं हटाये थे ऐसे शेष बचे अवैध कब्जाधारियों को निगम के तोड़फोड़ अमले के द्वारा आज हटाया गया। तोड़फोड़ कार्यवाही के दौरान सड़क के किनारे कुछ अवैध छोटे बड़े विज्ञापन के बोर्ड लगे हुए थे जिसे उस स्थल से हटाकर जप्ती की कार्यवाही की गई है।

आज के तोड़फोड़ अभियान में पुलिस बल के साथ जोन 01 के आयुक्त श्री संजय बांगड़े, सहायक यंत्री श्री सुनील दुबे, जनसम्पर्क अधिकारी सुभाष सिंह ठाकुर, कुलदीप गुप्ता, तोड़फोड़ प्रभारी अधिकारी यतीन्द्र नाथ देवांगन, संजय वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, राजस्व निरीक्षक डी.पी. शर्मा, प्रकाश अग्रवाल, सुनील निमाड़े, बालकृष्ण नायडू, उमेश कुमार, हरिप्रेम वर्मा, सहित जोन 01 के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी

नगर पालिक निगम भिलाई

JCB